# बिहार विधान परिषद

**206वां बजट सत्र**

## 1 मार्च 2024

----

: **[शिक्षा - खान एवं भूतत्व - कला, संस्कृति एवं युवा - विज्ञान एवं प्रावैधिकी खेल ].**

**कुल प्रश्न 26**

----

### विद्यालय का निर्माण

***126 श्री आफाक अहमद (सारण शिक्षक ):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत प्रखण्ड –सिकटा में अल्पसंख्यक बालिका आवासीय विद्यालय नहीं है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त स्थान पर विद्यालय नहीं होने के कारण बच्चों का पठन-पाठन काफी प्रभावित है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं,तो सरकार उक्त स्थान पर अल्पसंख्यक बालिका आवासीय विद्यालय का निर्माण कराने का विचार रखती है, हां तो कबतक,नहीं तो क्यों ?

----

### अनुकंपा नियुक्ति

***212 डा. संजीव कुमार सिंह (कोशी शिक्षक):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही हैं कि विभागीय संकल्प संख्या -1128 दिनाकं 21-08-2020 के

तहत अनुकम्पा आश्क्तोंं की नियुक्ति / उनका नियोजन विद्यालय सहायक अथवा परिचारी के पद पर किये जाने का प्रावधान है लेकिन क्षृजित उपलब्ध पद का हवाला देकर उनकी नियुक्ति नहीं की जा रही जिसके कारण ऐसे परिवारों का जीवन –यापन अत्यन्त ही कष्टप्रद है ;

(ख) क्या यह सही है कि सूबे के 6421 नवउत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालयों में सहायक एवं परिचारी का पद क्षृजित कर उन अनुकम्पा आक्षितों को उनका नैसर्गिक हक दिया जा सकता है ताकि उनका परिवार भूखमरी और आर्थिक तंगी का सहजतापूर्वक सामना कर सके ;

(ग) यदि उपर्यूकत खंण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है,तो का सरकार खण्ड 'ख' में वर्णित कोटि के उत्क्रमित विद्यालयों में विद्यालय सहायक /विद्यालय परिचारी का पद क्षृजित कर ऐसे अनुकम्पा आक्षितो की नियुक्ति करना चाहती है यदि हां तो कबतक , नहीं तो क्यों ?

----

## कमरो का निर्माण

***213 श्री महेश्वर सिंह (पूर्वी चम्पारण स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पूर्वी चंपारण जिले के तेतरिया पंचायत के राजकीय प्राथमिक विद्यालय, मधुआहां, दक्षिणी टोला में कोई चापाकल नहीं है कक्षा संचालन के लिए मात्र एक कमरा है, जिसके कारण बच्चों को पेड़ के नीचे बैठाकर पढ़ाया जाता है;

(ख) यदि उपर्युकत खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है,तो क्या सरकार उपर्यूकत विद्यालय के लिए वांछित कमरों का निर्माण कराकर पेयजल की वयवस्था कराएगी;यदि हां तो कबतक?

----

## एक ही जिले में पदस्थापित कब तक

***214 डा. प्रमोद कुमार (मनोनीत):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित महिला शिक्षिकाओं को अपने गृह जिला से दूर –दराज स्थानांतरित कर दिया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि जो पूर्व में नियोजित शिक्षिकाओं थीं उन्हें भी चयन होने पर गृह जिले से दूर के विद्यालय में पदस्थपित कर दिया गया है;

(ग) क्या यह सही है कि महिला शिक्षिकाओं को काफी दूर चयनित होने पर जिनके छोटे छोटे बच्चे है उन्हें काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ है;

(घ) क्या सरकार की ऐसी कोई योजना है कि यदि दोनों पति –पत्नी सरकारी कर्मचारी है तो उनका स्थानांतरण एक ही जिला में कर दिया जाए।

(ङ) यदि उपर्यूक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार सभी नियोजित महिला शिक्षिकाओं को पूर्व के प्रखण्ड में एवं नवनियुक्त शिक्षिकाओं या शिक्षक पति पत्नी का एक ही जिले में पदस्थापित करने की योजना रखती है, यदि हां तो कबतक,नहीं तो क्यों ?

----

## पुरस्कृत करने का प्रवधान

*215 **प्रो. (डा.) वीरेन्द्र नारायण यादव (स्नातक सारण):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि सावित्रीबाई फुले ने प्रथम स्त्री शिक्षा विद्यालय खोलने में अहम् भूमिका निभाई थी;

(ख) क्या राज्य सरकार छात्राओं/छात्रों की प्रारंभिक पढाई में माता की अहम् भूमिका को स्वीकार करती है;

(ग) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार सवित्रीबाई फुले के नाम पर प्रखंड एवं जिला में प्रथम 10 स्थन प्राप्त करने वाली छात्राओं/छात्रों की माताओ का पुरस्कृत करने का प्रावधान करना चाहती है, यदी अगर हॉ, तो कब तक ?

----

## भवन का निर्माण पर विचार

*216 **डा. अजय कुमार सिंह (सहरसा स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि सहरसा जिले के सिमरी बख्तियारपुर प्रखंड के सोनपुरा पंचायत स्थित उत्क्रमित कन्या उच्च विद्यालय पश्चिम टोला का पुराना भवन जर्जर है;

(ख) क्या यह सही है उक्त विद्यालय में वर्ग कक्ष की कमी है ;

(ग) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उत्क्रमित कन्या उच्च विद्यालय के पुराने जर्जर भवन के स्थान पर नए भवन के निर्माण का विचार रखती है , यदि हाँ तो कब तक नही तो क्यों ?

----

## बिजली की व्यवस्था कबतक

***217** **श्री सौरभ कुमार (पश्चिमी चम्पारण स्थानीय प्राधिकार):**

क्या मंत्री, **विज्ञान एवं प्रावैधिकी** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि मधुबनी जिला के झंझारपुर अनुमंडल के ननौर पंचायत के ताजपुर – अलपुरा गांव के बड़की पोखर पर नवनिर्मित आई.टी.आई भवन में अब तक बिजली कनेक्शन नहीं दिए जाने के करम से पढ़ाई में बाधा पहुंच रही हैं;

(ख) क्या यह सही है कि पूरे राज्य में आई.टी.आई. में बिजली कनेक्शन एवं विद्युत विपत्र की आपूर्ति समय पर कराए जाने की व्यवस्था नहीं होने अथवा बिजली डिसकनेक्ट नहीं होने की व्यव्सथा कराया जाना आवश्यक है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है,तो क्या सरकार आई.टी.आई. में बिजली वयव्सथा तुरंत बहाल कराना चहती है और व्यवस्था कराना चाहती है कि विद्युत विपत्र का भुगतान समय पर नहीं होने के कारण विद्युत डिसकनेक्ट नहीं हो सके ; यदि हां तो कबतक?

----

## पदों का सृजन

***218** **प्रो. संजय कुमार सिंह (तिरहुत शिक्षक):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि दो अक्टूबर 1980 के बाद किसी भी राजकीय अथवा राजकीयकृत विद्यालयों में शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के पद सृजित नहीं किये गये;

(ख) क्या यह सही है कि राज्य के सभी विद्यालयों के अधिकाशं शिक्षक बिहार विद्यालय परीक्षा समिति एवं अन्य विभगीय कार्यो में ही व्यस्त रहते है तथा लिपिक और चपरासी के बिना सारे कार्य का निष्पादन करना होता है;

(ग) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं,तो सरकार कब तक सभी राजकीय एंव राजकीयकृत माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के पदों का सृजन कर बहाली करना चाहती है ?

----

## कला भवन का जिर्णोद्धार

***219** **प्रो. (डा.) रामवचन राय (मनोनीत):**

क्या मंत्री, **कला, संस्कृति एवं युवा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पूर्णिया शहर में सन् 1955 ई में डॉ०लक्ष्मी नारयण सुधांशु के प्रयास से 'कलाभवन' की स्थाहपना हुयी थी;

(ख) क्या यह सही है कि कलाभवन का उद्वेश्य राज्य में साहित्यिक,संस्कृतिक एवं कलात्मक गतिविधियों को प्रोत्सा्हित करना था;

(ग) क्या यह सही है कि कलाभवन आज जर्जर स्थिति में है और उसकी सारी गति विधियाँ लगभग ठप हैं;

(घ) यदि उपरोक्त खण्डों का उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कबतक कलाभवन का जीर्णोद्धार कर संस्कृतिक केन्द्र के रूप में विकसित करना चाहती है ?

----

## सौन्दर्यीकरण कराने पर विचार

*220 **प्रो. गुलाम गौस (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **कला, संस्कृति एवं युवा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि महान सूफी हाजी ईलायस के नाम से हाजीपूर शहर का नाम जाना जाता है;

(ख) क्या यह सही है कि महान सूफी हाजी ईलायस का मजार हाजीपूर के एस०डी०ओ०रोड में कलक्टर आवास के पास अवस्थित है जो जीर्ण शीर्ण अवस्था में एवं असुरक्षित हो गया है;

(ग) यदि उपरोक्त खण्डों का उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उस सूफी के मजार को सुरक्षित एवं सौन्दर्यीकरण करना चाहती है, यदि हाँ तो कब तक नहीं तो क्यों ?

----

## आदेश वापस कबतक

*221 **प्रो. (डा.) नवल किशोर यादव (शिक्षक पटना):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि अपर मुख्य सचिव ,विभाग के पत्रांक -1661 / गो०, दि – 23.06.2023 के माध्यम से दिए गये आदेश के आलोक में शिक्षा विभाग के लिपिक सहित सभी कर्मियों से आधे दिन तक स्कूलों का निरीक्षण कराया जा रहा है, तत्पश्चात वे अपना मूल कार्य कर रहे है;

(ख) क्या यह सही है कि निरीक्षण के कार्य में टोला सेवक,तालिमी मरकज,स्वयं सेवक,रोजगार सेवक इन्दिरा आवास सहायक सहित सभी विभागों के कर्मियों एवं

पदाधिकारियों को लगा दिया गया है जिसके कारण अयोग्य , अक्षम एवं अपात्र कर्मी भी शिक्षकों पर धौंस जमा कर मानसिक रूप प्रताडि़त कर रहे है;

(ग) क्या यह सही हैं कि विभाग के इस तुगलकी फरमान के कारण शिक्षकों का मनोबल टूट रहा है और स्कूल पहुँचने की आपा-धापी के कारण प्रत्येक दिन शिक्षक दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं और यहां तक कि उनकी मृत्यु तक हो रही है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है,तो क्या सरकार निचले स्तर के अयोग्य कर्मियों से स्कूलों के निरीक्षण कार्य के आदेश को यथाशीघ्र वापस लेना चाहती है ;यदि हां तो कबतक?

----

## विद्यालय में क्लास रूम का अभाव

*222 **श्री अशोक कुमार पाण्डेय (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत दिनारा प्रखण्ड में बलदेव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 3500 छात्रों की संख्या है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त विद्यालय में क्लास रूम का अभाव है और भवन जीर्ण शीर्ण अवस्था में है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय का भवन बनवाना चाहती है,यदि हां तो कबतक ?

----

## चहारदीवारी का निर्माण

*223 **श्री आफाक अहमद (सारण शिक्षक ):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत प्रखण्ड –सिकटा की पंचायत सिरिसिया में स्थित राजकीय उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय की चारदीवारी नहीं है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त विद्यालय की चारदीवारी नहीं होने के कारण आवारा पशु विद्यालय के मैदान में विचरण करते हैं;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं ,तो सरकार उक्त विद्यालय की चारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, हां तो कबतक,नहीं तो क्यों ?

----

## रिक्त पद पर नियुक्ति

***224 श्री संजय पासवान (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि राज्य के सभी सरकारी विश्वविद्यालयों में लाइब्रेरियन,डिप्टी लाइब्रेरियन और असिस्टेंट लाइब्रेरियन (ग्रुप-A) के पद रिक्त हैं और सभी जगह पुस्तकालयों का प्रभार अन्य विभाग के शिक्षकों को दिया गया है

(ख) क्या यह सही है कि अंगीभूत एवं शासकीय महाविद्यालयों (कॉलेज) में लाइब्रेरियन का पद असिटेंट प्रोफेसर के समतुल्य (पे लेवल 10)—है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंड के उत्तर स्वीकारात्मक है,तो सरकार इन पदों पर नियुक्ति करना चाहती है, यदि हां तो कबतक ?

----

## विभागीय राशि उपलब्ध कब तक

***225 श्री राजीव कुमार (बेगूसराय स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि बेगूसराय जिला अंतर्गत पंचायत मटिहानी -2 में उत्क्रमित मध्य विद्यालय जिला पुनर्वास अवस्थित है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त विद्यालय में शिक्षा समिति का गठन वर्ष 2016 से नहीं हुआ है;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त विद्यालय में शिक्षा समिति का गठन नहीं होने के कारण उक्त विद्यालय को मिलने वाली विभागीय राशि लंबित है;

(घ) क्या यह सही है कि विभागीय राशि नहीं मिलने के कारण उक्त विद्यालय में आधारभूत संरचनाओं यथा शुद्ध पेयजल बेंच-डेस्क,वर्ग कक्ष, शौचालय इत्यादि की कमी है;

(ङ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं,तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में विद्यालय शिक्षा समिति का गठन कर विभागीय राशि उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हां तो कबतक नहीं तो क्यों ?

----

## विद्यालयों में विकास कोष की राशि

***226 श्री सर्वेश कुमार (स्नातक दरभंगा):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि राज्य के माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में छात्र कोष एवं विकास कोष में राशि जमा है

(ख) क्या यह सही है कि इन विद्यालयों की राशि को व्यय करने के लिए कोई समय सीमा निर्धारित है ; यदि राशि को व्यय करने की समय सीमा निर्धारित नहीं है तो क्या सरकार व्यय के लिए समय सीमा निर्धारित करने का लिए विचार रखती है,यदि हां तो कब तक नहीं तो क्यों ?

----

## अंकेक्षण का विवरण

*227 **प्रो. (डा.) राजवर्धन आजाद (मनोनीत):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि शिक्षा विभाग के द्वारा बिहार के प्राथमिक तथा उच्चतर माध्यमिक स्तर पर सभी संस्थानों का शैक्षणिक अंकेक्षण किया गया है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड ‘क’ का उत्तर स्वीकारात्मक है,तो क्या सरकार सदन पटल पर इसका विवरण रखना चाहती है?

----

## केन्द्रीय विद्यालय खेलने का प्रस्ताव

*228 **श्री घनश्याम ठाकुर (मनोनीत):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि मधुबनी जिले में अबतक केंन्दीय विद्यालय नहीं बना है;

(ख) क्या यह सही है कि मधुबनी जिले के बेनीपट्टी प्रखंड के बनकट्टा sh सड़क के किनारे लगभग के 7 एकड़ जमीन / गड्ढा के रूप में दर्ज है जिससे राजस्व की वसूली नगण्यासा है;

(ग) क्या यह सहीं है कि बनकट्टा sh के किनारे जमीन को सम परिवर्तन उपरांत केंद्रीय विद्यालय के मानक के अनुरूप है ;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डोंके उत्तर स्वीकारात्मक हैं,तो क्या राज्य सरकार मधुबनी जिले में केंद्रीय विद्यालय खुलवाने हेतु केंद्र सरकार का प्रस्ताव भेजना चाहती है,यदि हाँ तो कबतक नहीं तो क्यों ?

----

## खेल शिक्षकों की नियुक्ति कबतक

*229 **श्री नीरज कुमार (पटना स्नातक):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि राज्य के स्कूलों में खेल को बढ़ावा देने के लिए स्पोर्टस शिक्षकों की कमी है;

(ख) क्या यह सही है कि विभाग ने सभी स्कूलों में खेल की कम से कम एक क्लास चलाने का निर्देश दिया है जब कि सेवानिवृत्त खेल शिक्षकों के बाद बहाली नहीं की गई है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं,तो क्या सरकार राज्य के विद्यालयों में खेल शिक्षकों की नियुक्ति करना चाहती है यदि हां तो कब तक?

----

## चहारदीवारी का निर्माण

*230 **श्रीमती रीना देवी (स्थानीय प्राधिकार, नालन्दा):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि नालन्दा जिला अंतर्गत प्रखंड – राजगीर के मध्य विद्यालय गुरौर में चार पाँच कमरों की स्थिति काफी जर्जर है और साथ ही विद्यालय में चहारदीवारी भी नहीं है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त विद्यालय के कमरों में फर्श भी टूटा हुआ है;

(ग) क्या यह सही है कि नालन्दा जिला अंतर्गत प्रखंड –राजगीर के प्राथमिक विद्यालय गुरौर में भी चहारदीवारी नहीं है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं,तो क्या सरकार उक्त दोनों विद्यालयों में चहारदीवारी,फर्श के साथ साथ कमरों का निर्माण करना चाहती है यदि हां तो कबतक?

----

## नियुक्ति पत्र कबतक

*231 **श्री सच्चिदानंद राय (स्थानीय प्राधिकार, सारण):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

क) क्या यह सही है कि सारण जिलाअंतर्गत छठे चरण का माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक में अंतिम रूप से चयनित रवि कुमार तिवारी समेत कई शिक्षकों का अब तक नियुक्तिपत्र निर्गत नहीं हो पाया है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त चयनित शिक्षकों का मूल कागजात पिछले 8 माह से जिला परिषद कार्यालय सारण में जमा है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं,तो क्या सरकार चयनित शिक्षकों का नियुक्ति पत्र देने का विचार रखती है यदि हाँ तो कबतक नहीं तो क्यों ?

----

## माटी कला बोर्ड का गठन

*232 **श्री ललन कुमार सर्राफ (मनोनीत):**

क्या मंत्री, **कला, संस्कृति एवं युवा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

क) क्या यह सही हैं कि बिहार के करोड़ों कुम्भकार समाज के लोगों का जीविकोपार्जन का आधार मिट्टी के बर्त्तन बनाना है;

(ख) क्या यह सही है कि वर्ष 2019 में पड़ोसी राज्य झारखंड एवं उत्तर प्रदेश राज्य सरकार तथा अन्य राज्यों द्वारा माटी कला बोर्ड का गठन किया गया है;

(ग) क्या यह सही है कि कुम्भकार समाज के जीवन स्तर में सुधार एवं अन्यान्य समस्याओं के निदान के सुझाव हेतु माटी कला बोर्ड का गठन बिहार जैसे प्रदेश में अति आवश्यक है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं,तो सरकार बिहार में माटी कला बोर्ड का गठन करना चाहती है, यदि हां तो कबतक नहीं तो क्यों ?

----

## सक्षामता परीक्षा नही लेने पर विचार

*233 **श्री कुमार नागेन्द्र (स्थानीय प्राधिकार, जहानाबाद, गया एवं अरवल ):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि राज्य सरकार के विद्यालयों में पंचायती राज संस्थानों द्वारा वर्ष 2006 से पंचायत शिक्षक,प्रखडं शिक्षक, नगर शिक्षक,जिला परिषद् शिक्षक एवं नगर निगम शिक्षक के लगभग 3 लाख शिक्षकों की नियुक्ति की गई है ;

(ख) क्या यह सही है कि ये सभी शिक्षक प्रशिक्षित है एवं पेशागत कोर्स किए हुए है तथा दक्षता एवं पात्रता परीक्षा पास किए हुए हैं , तथा इनमें ज्यादातर की सेवा 17-18 वर्षो की हो चुकी है तथा ये सेवानिवृति के कगार पर है;

(ग) क्या यह सही है कि शिक्षा विभाग द्वारा इन शिक्षकों के लिए सक्षमता परीक्षा ऑनलाईन लेने एवं लगातार तीन बार परीक्षा में फेल होने के बाद नौकरी से हटाने का

प्रावधान किया गया है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इन सरकार इन शिक्षकों से सक्षमता परीक्षा लेने का विचार रखती है?

----

## जांच रिपोर्ट लागू

***234 श्री अशोक कुमार (स्थानीय प्राधिकार, नवादा):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि एस.एन.एस. महिला कॉलेज, सुपौल के प्रो निखिलेश कुमार सिंह, पूर्व प्राचार्य को कॉलेज के शासी निकाय के द्वारा अवैध रूप से हटा दिया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि एस.एन.एस. महिला कॉलेज, सुपौल के प्रो. निखिलेश कुमार सिंह, पूर्व प्राचार्य एवं कुछ अन्य कर्मी तथा फर्जी दानदाता सह सचिव से सम्बद्ध महामहिम राज्यपाल महोदय के आदेशों के बाद विश्वविद्यालय के द्वारा पत्रांक – 678/23, दिनांक – 16.06.2023 के द्वारा एवं जांच कमिटी गठित की गई;

(ग) क्या यह सही है कि विश्वविद्यालय के द्वारा जांच कमिटी की रिपोर्ट विश्वविद्यालय का दिनांक – 02.09.2023 को समर्पित कर दी गई है, परन्तु अभी तक जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई नहीं किया गया है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डोंके उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कब तक जांच रिपोर्ट को लागू करना चाहती है , नहीं तो क्यों?

----

## परीक्षाफल शीघ्र प्रकाशित

***235 श्री अफाक अहमद खां (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि जय प्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा में सत्र 2019-21 के बहुत सारे छात्रों का अंतिम वर्ष का परीक्षाफल लंबित है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त विश्वविद्यालय के पी.सी विज्ञान कॉलेज में सत्र 2019-21 की स्नातक (प्रतिष्ठा) विज्ञान की विकलांग छात्रा सुश्री फातमा द्वारा दो विषयों की दोबारा परीक्षा देने के बावजूद अभी तक परीक्षाफल लंबित है;

(ग) क्या यह सही है कि परीक्षाफल लंबित रहने के कारण विकलांग छात्रा प्रतियोगिता परीक्षा में बैठने से वंचित हो रही है इस कारण उनका भविष्य अधर में बना हुआ है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार विकलांग छात्रा सुश्री फातमा के लंबित परीक्षाफल को प्रकाशित करना चाहती है , यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## द्वितीय मेरिट लिस्ट जारी कबतक

***236 श्री जीवन कुमार (शिक्षक गया):**

क्या मंत्री, **शिक्षा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि बिहार कर्मचारी चयन आयोग द्वारा प्रथम इंटर स्तरीय बहाली का विज्ञापन वर्ष 2014 में 13120 पदों के लिए जारी किया गया था;

(ख) क्या यह सही है कि परीक्षा के उपरांत 13120 पदों के विरूद्ध जारी की गई फाईनल मेरिट लिस्ट में 13129 अभ्यर्थियों का चयन किया गया जिन में 1778 अभ्यर्थियों का पद प्राथमिकता विकल्प के आधार पर मेरिट लिस्ट से बाहर कर दिया गया था;

(ग) क्या यह सही है कि कुल चयनित अभ्यर्थियों में से लगभग 2000 अभ्यर्थियों ने योगदान नहीं दिया जिससे वो पद रिक्त हैं परंतु उन पदों को भरने हेतु विभाग द्वारा अब तक द्वितीय मेरिट लिस्ट जारी नहीं कीया गई है जबकि 1778 उत्तीर्ण योग्य अभ्यार्थी काउंसिलिंग कराकर बेरोजगारी का दंश झेल रहे है;

(घ) यदि उपरोक्त खंडो के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार शेष रिक्त पदों को भरने हेतु द्वितीय मेरिट लिस्ट जारी कर उक्त परीक्षा में उत्तीण 1778 अभ्यर्थियों का योगदान कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक यदि,नहीं तो क्यों?

----